# एल्यूमिनी एसोसियेशन

डॉ. रेखा बख्शी
प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
मनोविज्ञान

शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर की विकास यात्रा की लंबी कहानी है। यह महाविद्यालय सागर संभाग में उच्च शिक्षा का प्रमुख क्रेन्द है। 1963 में मात्र 10 छात्राओं के साथ कला संकाय के कुछ विषयों के साथ यह महाविद्यालय अस्तित्व में आया। 1965 में नगर पालिका सागर के अधीन अपनी विकास यात्रा को आगे बढ़ाया। 1978 में मध्यप्रदेश शासन द्वारा विधिवत अधिग्रहण के पश्चात् यह महाविद्यालय अपनी उन्नति करता चला गया।

कला, वाणिज्य, विज्ञान, गृहविज्ञान तथा अन्य व्यावसायिक, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के साथ आज महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या 12,000 से अधिक हो चुकी हैं। यह महाविद्यालय संभाग का सबसे बड़ा कन्या महाविद्यालय है।

सन् 2003 से यह महाविद्यालय स्वशासी एवं उत्कृष्टता का दर्जा प्राप्त कर चुका है तथा नैक द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त है। महाविद्यालय अपनी विकास यात्रा में नए कीर्तिमान स्थापित कर चुका है। नारी शिक्षा की अपार संभावनाओं एवं क्षमताओं को अनुकूल वातावरण देने, सक्रिय पहल की दिशा में यह महाविद्यालय एक चुनौती के रूप में विद्यमान हैं।

महाविद्यालय के सतत् विकास में पूर्व छात्राओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। संस्था की चहुँमुखी उन्नति की दिशा में पूर्व छात्राओं को जोड़कर एल्यूमिनी एसोसियेशन का गठन किया गया। रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी द्वारा दिनांक 24.02.2014 को एल्यूमिनी एसोसियेशन का विधिवत पंजीकरण किया गया। महाविद्यालय में विभिन्न महत्वपूर्ण अवसरों जैसे नैक समिति, ऑटोनॉमी रिव्यू समिति एवं अन्य अवसरों पर पूर्व छात्रा सम्मेलन "एल्यूमिनी मीट" आयोजित की गई है।

गठित एल्यूमिनी ऐसोसियेशन की विभिन्न बैठकों में निम्न सम्माननीय पदाधिकारीगण हमेशा उपस्थित रहे।

**पूर्व छात्रा संरक्षक मंडल –**

डॉ0 श्रीमति मीना पिंपलापुरे – उद्योगपति एवं समाजसेवी

श्रीमति सुधा जैन – पूर्व विधायक एवं पूर्व अध्यक्ष केबिनेट दर्जा प्राप्त म0प्र0 महिला एवं वित्त विकास निगम

श्रीमति पारूल साहू – पूर्व विधायक, सुरखी

**पूर्व छात्रा सलाहकार –**

डॉ0 कामायनी भट्ट – सेवानिवृत्त, पूर्व विभागाध्यक्ष – गृहविज्ञान, कन्या महा0, सागर

प्रो0 कुसुम भूरिया – सेवानिवृत्त,प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष संस्कृत, विश्वविद्यालय, सागर

प्रो0 सुमन जैन – सेवानिवृत्त, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र, कन्या महाविद्यालय, सागर

डॉ0 विजयलक्ष्मी दुबे – सेवानिवृत्त, लेक्चरर, इम्मानुएल विद्यालय, सागर

श्रीमति रागनी श्रीवास्तव – लेक्चरर, आदर्श संगीत महाविद्यालय, सागर

डॉ0 स्मिता दुबे – एम0बी0बी0एम0, किलकारी अस्पताल, सागर

**पूर्व छात्रा –**

अध्यक्ष– डॉ0 रेखा बख्शी – प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान, कन्या महा. सागर

उपाध्यक्ष– डॉ0 शवित जैन – प्राध्यापक अर्थशास्त्र, कन्या महाविद्यालय, सागर

सचिव– डॉ0 पद्मा आचार्य – प्राध्यापक गृहविज्ञान, कन्या महाविद्यालय, सागर

सहसचिव– डॉ0 दीपा खटीक – सहा0 प्राध्यापक भौतिकी, कन्या महाविद्यालय, सागर

कोषाध्यक्ष– डॉ0 रश्मि मलैया – सहा0 प्राध्यापक, गृहविज्ञान, कन्या महा. सागर

उच्च शिक्षा से प्राप्त निर्देशों में स्पष्ट किया गया कि किसी भी संस्था के लिए उसके पूर्व विद्यार्थी बहुत बड़ी निधि होते हैं। ये अपनी मातृ संस्था को वित्तीय सहायता, नवाचारी विचार शैक्षिक, व्यवसायिक एवं व्यक्तिगत परामर्श के माध्यम से गुणात्मक अभिवृद्धि करने में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।

महाविद्यालय अपने इन पूर्व विद्यार्थियों के अनुभवों का लाभ उठाने के लिए पाठ्यक्रम निर्माण समिति, अकादमिक समिति आदि में विशिष्ट सदस्य बना सकते हैं। इन्हें समय–समय पर .आमंत्रित कर अध्ययनरत् विद्यार्थियों को कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम, व्यक्तित्त्व विकास कार्यक्रम, परामर्शन, उत्प्रेरक कार्यशालाएं आयोजित कर सकते है। इससे अध्ययनरत विद्यार्थियों में रोजगार पाने की क्षमता बढ़ेगी।

2013–2014 में ही "नैक कमेटी" के आने के पूर्व, तत्कालीन प्राचार्य डॉ0 जे0पी0एन0 पांडेय के संरक्षण में महाविद्यालयीन स्तर पर "एल्यूमिनी एसोसियेशन का गठन किया गया। इस समिति में उन प्राध्यापकों/सहायक प्राध्यापकों/अतिथि विद्वान का चयन किया गया जिन्होंने इसी महाविद्यालय से शिक्षा ग्रहण की और आज इसी महाविद्यालय को अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

अपने उद्देश्य को समाहित कर महाविद्यालय के प्रथम बैच की छात्रा और प्रख्यात समाजसेवी डॉ. श्रीमती मीना पिंपलापुरे एवं महाविद्यालय की पूर्व यशस्वी छात्रा श्रीमति सुधा जैन का सानिध्य एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। रजिस्ट्रार फर्म्स एवं सोसाएटी से रजिस्ट्रेशन हेतु गठित एल्युमिनी एसोसियेशन के पदाधिकारियों का बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया।

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | : | डॉ0 रेखा बख्शी |
| उपाध्यक्ष | : | डॉ0 शक्ति जैन |
| सचिव | : | डॉ0 पद्मा आचार्य |
| सहसचिव | : | डॉ0 दीपा खटीक |
| कोषाध्यक्ष | : | डॉ0 रश्मि मलैया |

एसोसियेशन के अनुमोदन के उपरान्त बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि मिलन 2014 के अन्तर्गत महाविद्यालय के पूर्व छात्राओं का समागम कार्यक्रम दिनांक 11 मार्च 2014 को आयोजित किया जावे तथा इस समागम का व्यापक प्रचार प्रसार किया जावे ताकि अधिक से अधिक पूर्व छात्राएं कार्यक्रम में सम्मिलित हो सके। बैठक में

उपस्थित पूर्व छात्राओं से भी आग्रह किया गया कि वे अपने संपर्को से अधिक से अधिक पूर्व छात्राओं को सदस्य बनने के लिए प्रेरित करें।

एल्युमिनी एसोसियेशन द्वारा अनुमोदित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 11 मार्च 2014 को पूर्व छात्राओं का समागम मिलन 2014 उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। समागम का उदघाटन सत्र सुप्रसिद्ध उद्यमी एवं महाविद्यालय के प्रथम बेच की छात्रा डॉ. मीना पिम्पलापुरे के आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय की पूर्व यशस्वी छात्राओं माननीय श्रीमति सुधा जैन एवं माननीय श्रीमति पारूल साहू केशरी को आमंत्रित किया गया था तथापि अपनी राजनीतिक व्यवस्तता के कारण दोनां विभूतियाँ समागम कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं हो सकी यद्यपिक कार्यक्रम की सफलता हेतु उन्होंने अपना संदेश प्रेषित किया, जिसे सदन को प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के प्राचाग्र डॉ. जी.पी.एन. पाण्डेय ने समारोह की अध्यक्षता की।

मिलन 2014 के अवसर पर एल्युमिनी एसोसियेशन की सदस्य पूर्व छात्राओं की जीवनवृत पर आधारित स्मारिका का प्रकाशन किया गया, समागम कार्यमक्रम में मंचासीन अतिथियों द्वारा इसका विमोचन किया गया। समागम में सुनहरी यादों के अन्तर्गत अपने परिचय के साथ इस महाविद्यालय से जुड़े विस्मरणीय क्षणों को जीवन्त कर भावुकता और उत्साह के सदन को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

उच्च शिक्षा से प्राप्त पत्र 08.12.2014 के तारतम्य में एक वर्ष पूर्व गठित एल्यूमनी ऐसोसियेशन की दूसरी महत्त्वपूर्ण बैठक 28 फरवरी 2015 को आयोजित की गई। बैठक में चर्चा का विषय यह रहा कि एल्यूमनी ऐसोसिशन महाविद्यालय के लिए किस तरह का सहयोग प्रदान कर सकता है। बैठक में उच्च शिक्षा के पत्र अनुसार निम्न बिन्दुओं पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक में महत्वपूर्ण बिन्दु निम्नानुसार थे –

1. अधोसंरचना के विकास और उन्नयन में सहयोग
2. विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने में सहयोग
3. विद्यार्थियों की काउंसलिंग/प्रशिक्षण आदि में सहभागिता
4. पुस्तकालय विकास में सहयोग
5. महाविद्यालय के फीडबैक/सलाह/नवाचारी विचार

6. फैलोशिप / स्कालरशिप की व्यवस्था

7. वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण एवं कार्यशालाएं

8. सुविधानुसार अतिथि व्याख्यान

9. क्षमतावान प्रायोजकों एवं दानदाताओं को संस्थान से जोड़ना

10. पूर्व विद्यार्थियों के डाटाबेस को निरन्तर अपडेट करने की व्यवस्था

11. एल्यूमनी ऐसोसियेशन के सभी, सदस्य संस्था एवं वर्तमान में अध्ययरत विद्यार्थियों के हित में, विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में रूचि लें तथा वर्ष में कम से कम एक बैठक अवश्य आयोजित करें।

विश्व बैंक परियोजना के स्टुडेंट ट्रेकिंग प्रोग्राम के अंतर्गत महाविद्यालय एल्यूमिनी एसोसियेशन के तत्वाधान में दो दिवसीय पूर्व छात्रा स्नेह सम्मेलन दिनांक 29 एवं 30 मार्च 2019 को आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन सत्र महाविद्यालय के प्रथम बैच की छात्रा, उद्योगपति एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. मीना पिंपलापुरे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य डॉ0 अखिलेश पटैरियां ने की। भोपाल से पधारे डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ0 एस0के0 विजय समारोह के विशिष्ट अतिथि थे। अतिथि सम्मान के उपरांत समन्वयक डॉ0 नवीन गिडियन ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। एल्यूमिनी एसोसियेशन की अध्यक्ष डॉ0 रेखा बख्शी ने आयोजन की रूपरेखा से अवगत कराया। इस अवसर पर कौटिल्य एकेडमी के श्री आलोक कुमार सिंह ने महाविद्यालय की पूर्व एवं वर्तमान छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया। आयोजन के अगले सोपान पर द्वितीय सत्र में महाविद्यालय की विकास यात्रा का संगीतमय मंचन किया गया। स्वर सरिता म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा आकर्षक ढंग से महाविद्यालय की पृष्ठभूमि के साथ रोजगार के अवसर पर मंचन को केन्द्रित किया गया। इसी के साथ प्रादेशित समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

आयोजन के प्रथम दिवस के अन्तिम सत्र में खुला ~~मंत्र~~ सत्र आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं ने अपने अध्ययनकाल की सुनहरी यादें समझा की और संस्मरण सुनाकर सभी को अभीभूत कर दिया।

पूर्व छात्रा सम्मेलन के अंतर्गत दिनांक 30 मार्च 2019 को "विभिन्न विषयों / क्षेत्रों में रोजगार के अवसर" पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला आयोजित की

गई। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.पी. तिवारी ने आश्वासन दिया कि छात्राओं की सहायता के लिए विश्वविद्यालय के संसाधन उपलब्ध किए जा सकते हैं। महाविद्यालय के कार्यक्रमों के लिए स्वर्ण जयंती सभागार का उपयोग भी किया जा सकता है। सत्र की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अखिलेश पटैरिया ने की। कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में पधारे प्रख्यात साहित्यकार डॉ. सुरेश आचार्य ने रोजगार के लिए सरकारों पर आश्रित न रहक स्वरोजगार की प्राथमिकता को पंचतंत्र के माध्यम से उल्लेखित किया। विशेष आमंत्रित एस0डी0एफ0सी0 बैंक मैनेजर श्री मनोज तिवारी, भारतीय जीवन बीमा के श्री सुनील जैन, श्रीमति जॉली साबू एवं श्री अशुंल गुप्ता ने रोजगार एवं स्वरोजगार के विभिन्न आयामों पर महाविद्यालय की पूर्व एवं वर्तमान छात्राओं का यथेष्ठ मार्गदर्शन किया। उद्घाटन सत्र के उपरांत श्री लोककला नवयुवक मंडल द्वारा बुन्देली लोकगीतों की मनमोहन प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर 'रोजगार एवं स्वरोजगार' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला के तकनीकी सत्र में अनेक विद्वानों ने अपने आलेख का वाचन किया। कार्यशाला हेतु लगभग 50 आलेख प्राप्त हुए, जिन्हें पुस्तक के रूप में प्रकशित किया जाना प्रस्तावित है।

पूर्व छात्रा सम्मेलन के विभिन्न कार्यक्रमों/सत्रों का संचालन डॉ. रेखा बख्शी, डॉ. पदमा आचार्य, डॉ. शक्ति जैन, डॉ. दीपा खटीक द्वारा किया गया। आयोजन में महाविद्यालय के प्रथम बैच की यशस्वी छात्रा डॉ. मीना पिम्पलापुरे, पूर्व विधायक श्रीमती पारूल साहू केशरी के साथ डॉ. कामायनी भट्ट, डॉ. सुमन जैन, डॉ. स्वाति श्रीवास्तव, श्रीमति श्रद्धा प्रकाश चौबे, श्रीमति अंशु सागर, श्रीमती सुषमा तिवारी, श्रीमति अर्चना भट्ट, श्रीमति रचना श्रीवास्तव, श्रीमती आभा सेलट, श्रीमति सुमन राजपूत, श्रीमति वंदनी जैन एवं अनेक पूर्व छात्राओं की सहभागिता विशेष रूप के उल्लेखनीय है। संपूर्ण आयोजन में प्राचार्य डॉ. अलिखेश पटैरिया, समन्वयक डॉ. नवीन गिडियन की प्रेरक सक्रियता एवं महाविद्यालय परिवार के सार्थक सहयोग को विस्मृत नहीं किया जा सकता है।

प्रतिवर्ष अनुसार, मार्च 2020 के अंतिम सप्ताह में स्टुडेन्ट ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत भूतपूर्व छात्रा सम्मेलन "एल्यूमिनी मीट" का आयोजन किया जाना प्रस्तावित था। लेकिन कोरोना संक्रमण (कोविड 19) के कारण संपूर्ण देश में दिनांक 23 मार्च 2020 से लॉक डाऊन हो गया ~~जो निरन्तर जारी है~~। जिसके कारण ~~इस~~ वर्ष 2020 में एल्यूमिनी मीट कार्यक्रम का आयोजन नहीं हो सका।

06 फरवरी 2021 शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्ता महाविद्यालय में ऐल्यूमिनी एसोसिएशन के तत्वावधान में स्टूडेन्ट ट्रेकिंग के अन्तर्गत महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं का मिलन समारोह निधि जैन के मुख्य आतिथ्य एवं गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य बी.डी. अहिरवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। ऐल्युमिनी संघ की वर्तमान अध्यक्ष प्रोफेसर पद्मा आचार्य ने मंच संचालन करते हुए सागर की अनेक प्रतिष्ठित महिलाओं का जिक्र किया, जो कभी इस कन्या महाविद्यालय से पढ़कर निकली हैं। ऐल्युमिनी संघ सचिव डॉ. शक्ति जैन ने इस आयोजन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। स्टूडेन्ट ट्रेकिंग समन्वयक एवं नैक प्रभारी प्राध्यापक डॉ. नवीन गिडियन ने बताया कि स्टूडेन्ट ट्रेकिंग योजना केन्द्रीय योजना हैं, जिसके तहत शासन यह जानकारी एकत्र करता है कि महाविद्यालय से शिक्षित छात्राएं किस–किस क्षेत्र में आगे बढ़ी एवं कितनी छात्राओं को शिक्षा उपरांत रोजगार प्राप्त हुआ।

ऐल्यूमिनी संघ की पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में एसोसिएशन की मार्गदर्शक प्रोफेसर रेखा बख्शी ने इस महविद्यालय की प्रारंभिक अवस्था से वर्तमान विकसित अवस्था पर विस्तृत प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. बी0डी0 अहिरवार ने कहा कि नैक ग्रेडेशन में पूर्व छात्रा सम्मेलन महत्वपूर्ण परिसर में जब पूर्व छात्राएं आकर अपने अनुभव साझा करती है, तब इसका वर्तमान में अध्ययन कर रहीं छात्राओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। महाविद्यालय में सभी छात्रायें अपना अध्ययन सुचारू रूप से एवं संपूर्ण पाठ्यक्रम का अध्ययन करते हुए पूर्ण करें यह मेरी मुख्य प्राथमिकता रहती है। संगीत कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रतिमा खरे ने किया। इस अवसर पर पूर्व छात्रा कृतिका पाराशर, स्तुति खंपरिया, रानी रैकवार, ज्योति नामदेव, वैशाली प्रजापति के साथ–साथ डॉ. रेखा बख्शी, डॉ. दीपा खटीक, डॉ. हरि ओम सोनी, डॉ. प्रेम कुमार चतुर्वेदी ने सुमधुर गीत प्रस्तुत किए।

## शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर

# मिलन 2014

## पूर्व छात्राओं का समागम कार्यक्रम













## शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर

# मिलन 2014

## पूर्व छात्राओं का समागम कार्यक्रम













30 मार्च-2019

